(b) whether there is any proposal to revise the cost/estimate of the Hazira Fertilizer Plant; and

(c) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI BUTA SINGH): (a) The average supply of rail wagons has been less than the requirement.

(b) and (c) Yes, Sir. There is likely to be a substantial saving in the cost of the Project, due to exemption of custom duty on import of equipment, competitive bidding and close monitoring of finances.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राजभाषा का प्रयोग

395. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री 14 मार्च, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1946 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी किये गये 1985-86 के वर्ष के केन्द्र की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी वार्षिक कार्यक्रम के पृष्ठ 10 पर इस आशय के दिये गये मद (च) की ओर दिलाया गया है कि विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के हिन्दी अनुभागों को छोड़कर वहां के कम से कम एक अनुभाग में शत प्रतिशत कार्य हिन्दी में किया जाना चाहिए ताकि अन्य अनुभाग इससे प्रेरणा ले सकें और यदि हां, तो इसे लागू न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार इस मद को लागू करने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक और किस प्रकार ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी. एन. गाडगिल) : (क) और (ख) जी, हां। तथापि, इस मंत्रालय के किसी भी अनुभाग में शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में करना संभव नहीं है, क्योंकि मंत्रालय के किसी भी अनुभाग के सभी कर्मचारी न तो हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त हैं और न ही हिन्दी में कार्य करने में अभ्यस्त हैं। तथापि मंत्रालय के कतिपय विषयों को विनिर्दिष्ट किया गया है जिनका निपटान करने के लिए जटिल एवं आपवादिक मामलों को छोड़कर हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों से केवल हिन्दी का प्रयोग करने के लिए कहा गया है। उम्मीद है इससे मंत्रालय में हिन्दी के प्रयोग में प्रगति होगी।

गंगा नदी पर निर्माणाधीन सिंचाई योजनाएं

396. **डा. बापू कालदाते** : क्या **खान संसाधन मंत्री** 28 फरवरी, 1986 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 539 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गंगा नदी पर निर्माणाधीन बड़ी और 5 छोटी सिंचाई योजनाओं के लिये योजनावार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई है ;

(ख) प्रत्येक परियोजना की प्रगति किस स्तर पर है तथा उपर्युक्त योजनाओं से कब तक सिंचाई सुविधा के उपलब्ध होने की संभावना है ;

(ग) डकरानाला पंप, चरण-1 (बिहार) का पूरा ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या गंगा नदी के दियारा क्षेत्र में बड़ी संख्या में रहने वाले सीधे साधे तथा आवश्यक सुविधाओं से वंचित लोगों के पुनर्वास के लिये कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

जल संसाधन मंत्री (श्री वी. शंकरानन्द): (क) और (ख) गंगा पर 7 बृहद तथा 5

मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति निम्नवत् है :-

(रु० करोड़ में/हजार हैक्टेयर)

क्रमांक	परियोजना का नाम	अद्यतन अनुमानित लागत	छठी योजना तक तथा छठी योजना का व्यय	सातवीं योजना में परिव्यय	छठी योजना के अन्त में सृजित सिंचाई क्षमता	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7
	उत्तर प्रदेश:					
	वृहद स्कीमें:					
1.	भीमगोडा हैड वर्क्स का पुनर्रूपण	32.40	25.43	6.97	—	स्कीम के सातवीं योजना के दौरान पूरा हो जाने की संभावना है।
2.	मध्य गंगा नहर चरण–1	206.22	132.31	73.41	6.0	स्कीम के सातवीं योजना के दौरान पूरा हो जाने की संभावना है।
3.	पूर्वी गंगा नहर	126.47	35.74	90.73	—	—तदेव—
4.	नारायणपुर पम्प नहर	38.75	19.77	18.98	10.00	—तदेव—
5.	जमानिया पम्प नहर	22.00	8.56	13.44	13.00	—तदेव—
6.	टिहरी बांध बहु-द्देश्शीय परियोजना सिंचाई भाग	250.00	133.21	60.00	—	स्कीम आठवीं योजना में आगे जाएगी।

1	2	3	4	5	6	7
बिहार:						
बृहद स्कीमें:						
1.	बटेश्वरस्थान पम्प सोपान-एक	61.83	5.43	15.00	—	सातवीं योजना के अंत तक किसी सिंचाई क्षमता के सृजित होने की संभावना नहीं है ।
मध्यम स्कीमें:						
1.	गंगा पर चौसा पम्प नहर	5.17	3.76	1.41	2.00	सातवीं योजना में पूरा हो जाने की संभावना है ।
2.	बटेश्वरस्थान पम्प नहर सोपान-दो	7.96	1.48	6.48	—	—तदेव—
3.	सकरीगली पम्प नहर	4.00	1.57	2.43	0.80	—तदेव—
4.	सूरजगढ़ पम्प नहर	4.77	3.45	1.32	1.60	—तदेव—
5.	डाकरनाला पम्प नहर सोपान-एक	32.64	10.83	21.81	2.00	—तदेव—

(ग) मुंगेर जिले में 54000 एकड़ की सिंचाई क्षमता सृजित करने के लिए डाकरनाला सिंचाई स्कीम सोपान-एक में गंगा से 8.61 क्यूसेक पानी को 15.4 मीटर ऊंचा उठाने तथा आवश्यक नहर प्रणाली और बाढ़ तटबंधों के निर्माण की परिकल्पना है ।

(घ) बिहार सरकार द्वारा ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा गया है ।

ग्रामीण भूमिहीनों को प्रशिक्षण

397. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 21 मार्च, 1986 के 'इकोनोमिक टाइम्स' में "एग्रीकल्चरल रिसर्च-।।" (कृषि अनुसंधान-।।) शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित एक लेख जिसे श्री एम. एस. स्वामीनाथन ने लिखा है, की ओर दिलाया गया है जिसमें यह बताया गया है कि लोगों की आय तथा उनके पोषण को बढ़ाने पर अधिक बल दिया जाये और ग्रामीण भूमिहीनों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाये ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा): (क) और (ख) जी हां, श्रीमान् । ग्रामीण समुदाय के गरीब वर्गों की आय को बढ़ाने और पोषण को विभिन्न विकास प्रायोजनाओं में